# मुख्यमंत्री धामी के दौरे का विरोध करने जा रहे कांग्रेस नेता गिरफ्तार

**विरोध**

8 युवा कांग्रेस कार्यकर्ता पुलिस को चकमा देते हुए स्टेशन बाजार लोहाघाट तक पहुंच गए थे



**चंपावत (लोहाघाट) /टीम एक्शन इंडिया**
मुख्यमंत्री धामी के लोहाघाट दौरे और जनसभा का युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष चिराग फर्त्याल के नेतृत्व में विरोध करने जा रहे हैं। युवा कांग्रेस कार्यकताओं को स्टेशन बाजार लोहाघाट में पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।
पुलिस युवा कांग्रेस कार्यकताओं को बाराकोट पुलिस चौकी लेकर गई। युवा कांग्रेस कार्यकर्ता पुलिस को चकमा देते हुए स्टेशन बाजार लोहाघाट तक पहुंच गए थे। युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष चिराग फर्त्याल ने गिरफ्तार होते समय मीडिया से कहा कि लोहाघाट विधानसभा में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और भाजपा नेताओं ने लोकसभा चुनाव को देखते हुए जनता को भ्रमित करने के लिए सरकारी कोष से करोड़ों रुपये खर्च करके एक विशाल जनसभा का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें भाजपा नेताओं द्वारा हर बार की तरह झूठे वादे किए जा रहे हैं।
इस परिप्रेक्ष्य में युवा कांग्रेस जागरूक होने के नाते मुख्यमंत्री के सम्मुख पहाड़ों से हो रहे पलायन ,बेरोजगारी ,महंगाई एवं भ्रष्टाचार जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर एक जोरदार प्रदर्शन करने जा रही थी ताकि मुख्यमंत्री तक हमारे पहाड़ के बेरोजगार युवाओं का जो दर्द है, वह पहुंच सके,लेकिन भाजपा सरकार की पुलिस ने उन्हें रास्ते में ही गिरफ्तार कर लिया।
गिरफ्तारी के दौरान युवा कांग्रेस कार्यकताओं ने भाजपा के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। युवा कांग्रेस की इस कार्रवाई से पुलिस व प्रशासन में हड़कंप मच गया। पुलिस युवा कार्यकर्ता को गिरफ्तार करने पहुंच गई। कांग्रेस प्रदेश प्रवक्ता डॉक्टर महेश ढेक ने युवा कांग्रेस कार्यकताओं की गिरफ्तारी को दुर्भाग्यपूर्ण बताया।
उन्होंने कहा युवा अपनी बात मुख्यमंत्री के सामने रखने जा रहे थे, लेकिन पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया यह भाजपा सरकार की तानाशाही है गिरफ्तारी के दौरान युवा कांग्रेस नेताओं की पुलिस से धक्का मुक्की भी हुई।गिरफ्तारी देने में चिराग फर्त्याल, कमल कलाकोटी, लोकेश पांडे, प्रांजल वर्मा, सागर महरा ,सोनम बोहरा ,अनिल कुमार, प्रवीण मेहरा आदि युवा कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल रहे।

# गांव चलो अभियान के तहत भाजपा जिलाध्यक्ष ने किया रोहिडा बूथ पर प्रवास

**अपील**

8 केंद्र और राज्य सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने की अपील भी की।



**गोपेश्वर/टीम एक्शन इंडिया**
भारतीय जनता पार्टी की ओर से चलाये जा रहे गांव चलो अभियान के लिए बूथ पर 24 घंटे के प्रवास के तहत रविवार को भाजपा चमोली के जिलाध्यक्ष रमेश मैखुरी चमोली जिले के गैरसैंण विकास खंड के रोहिडा बूथ पर पहुंचे। उन्होंने कार्यकताओं के साथ बैठक कर आगामी लोक सभा चुनावों की रणनीति के टिप्स देते हुए केंद्र और राज्य सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने की अपील भी की।
भाजपा जिलाध्यक्ष ने कार्यकताओं से बातचीत करते हुए कहा कि पार्टी की ओर से चलाया जा रहा गांव चलो अभियान को अहम बताते हुए आगामी लोक सभा चुनाव को लेकर जनमानस को अधिक से अधिक वोट करने तथा भाजपा प्रत्याशियों को जीत दिलवाने के लिए जनता से अपील करने को कहा। उन्होंने कहा कि सरकार की ओर से लोकहित की तमाम योजनाएं संचालित की जा रही है जिसका लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे यह सभी कार्यकताओं का दायित्व है।
उन्होंने कार्यकर्ता से अपील की कि बूथों पर जाकर भाजपा संगठन को मजबूत बनाने में जुटे हैं। पार्टी का लक्ष्य इस लोकसभा प्रचंड जीत के साथ जीत की हैट्रिक बनाना है। उन्होंने कमजोर बूथों को किस तरह से अच्छे मजबूत करना है उस संबंध में भी कार्यकताओं से बातचीत की। इस अवसर पर बूथ अध्यक्ष गोविंद सिंह, मण्डल अध्यक्ष हीरा फनियाल, जिला उपाध्यक्ष संजय रावत, गंगा सिंह पंवार, बलवीर रावत महिपाल रावत आदि मौजूद थे।
दूसरी ओर भाजपा के वरिष्ठ नेता तारेंद्र थपलियाल प्रवास के लिऐ बौंला बूथ पर पहुंचे।

## न्यूज फ्लैश

### शादी तय होने पर युवती जा पहुंची प्रेमी के घर

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
परिजनों ने शादी से इंकार किया तो युवती स्वयं ही प्रेमी युवक के घर पहुंच गई। युवती की जिद के चलते युवक के परिजनों ने शादी की स्वीकृति दे दी। इसके बाद दोनों ने शादी कर ली।
बताया गया कि उत्तर प्रदेश के जनपद बिजनौर निवासी एक युवती की रिश्तेदारी लक्सर में है। रिश्तेदारी में आने-जाने के दौरान उसका पड़ोस में ही रहने वाले एक युवक के साथ प्रेम हो गया। दोनों ने अपने परिजनों को इसकी जानकारी देते हुए शादी कर साथ रहने की अनुमति मांगी, लेकिन युवती के परिजनों ने शादी कराने से इंकार कर दिया।
उन्होंने दूसरी जगह उसके लिए लड़के की तलाश शुरू कर दी। युवती इससे नाखुश थी। इसके चलते दो दिन पहले युवती परिजनों को बिना बताए घर से सीधे प्रेमी युवक के घर पहुंच गई। युवक के परिजनों ने पहले उसे समझाने का प्रयास किया, लेकिन युवती और युवक दोनों शादी करने की जिद पर अड़ गए। बाद में परिजनों ने हामी भर दी।

### मृतक प्रकाश का शव लेने पहुंचे परिजन, रोजी रोटी के लिए बिहार से आया था उत्तराखंड

**हल्द्वानी/टीम एक्शन इंडिया**
उत्तराखंड के नैनीताल जिले के हल्द्वानी स्थित बनभूलपुरा में अतिक्रमण हटाने के दौरान हुए बवाल में बिहार के रहने वाले प्रकाश की मौत हुई थी, जिसके शव को 08 फरवरी गुरुवार से मोर्चरी में रखा गया है। आज सुबह प्रकाश के परिजन बिहार से हल्द्वानी पहुंचे हैं, जहां पर मोर्चरी में प्रकाश के शव का पोस्टमार्टम किया जा रहा है।
प्रकाश हल्द्वानी में मजदूरी करने के लिए आया था और 08 फरवरी गुरुवार को हुए दंगे में गोली लगने से उसकी मौत हो गई है। प्रकाश बनभूलपुरा में हुए बवाल-दंगे के बीच क्या कर रहा था? वहा कैसे चला गया और उसकी गोली कैसे लगी? यह जांच का विषय है, लेकिन प्रकाश की मौत से उसके परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। प्रकाश के घर में उसके बुजुर्ग माता-पिता उसकी पांच बहनें, एक भाई है। घर की अर्थव्यवस्था प्रकाश के मजदूरी करने से ही चलती थी। प्रकाश ने बीए तक की पढ़ाई की है। इसके बाद में मजदूरी करने हल्द्वानी आया था। प्रकाश की मौत के बाद से उसके परिजनों की हालत खराब है। इसी वजह से प्रकाश के जीजा उसके शव को लेने के लिए हल्द्वानी पहुंचे हैं।
फिलहाल हल्द्वानी पोस्टमार्टम हाउस में प्रकाश के शव का पोस्टमार्टम किया जा रहा है। प्रकाश के पास से पुलिस को मंगल सूत्र, रुद्राक्ष, हाथ का कड़ा समेत 50 रुपये मिले हैं। मोर्चरी में एसडीएम परितोष वर्मा ने बताया प्रकाश के शव का पोस्टमार्टम किया जा रहा है। उनके परिजन हल्द्वानी पहुंच गए हैं।

### पुलिस की चौतरफा कार्रवाई से जिले में हड़कंप



**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
एसएसपी प्रमेन्द्र डोबाल के निर्देश पर आज तड़के पूरे जिले में थाना स्तर पर अलग-अलग पुलिस टीमों द्वारा कस्बों में जा जाकर किरायेदारों, कर्मचारी व घरेलू नौकरों का डोर टू डोर सत्यापन अभियान चलाया गया। अभियान के तहत संदिग्ध व्यक्तियों एवं उनके मकान मालिक के खिलाफ चालानी कार्रवाई की गई।
आज सुबह से अब तक अलग-अलग पुलिस टीमों द्वारा कुल 6640 लोगों का सत्यापन कर उनकी व्यक्तिगत जानकारी इकट्ठा की गई। मकान मालिकों द्वारा बिना सत्यापन के किराएदारों को रखने पर 434 चालन करते हुए न्यायालय से 34 लाख 66 हजार का जुमार्ना किया गया।

# गांव चलो अभियान के तहत बड़ासी पहुंचे त्रिवेन्द्र



**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
पूर्व सीएम त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने भाजपा के गांव चलो अभियान के तहत बूथ संख्या-03 ग्रामपंचायत बड़ासी लोगों से सम्पर्क अभियान किया।
24 घंटे के इस अभियान में पूर्व सीएम ने आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर लोगों को मोदी सरकार के विकास कार्यों से अवगत करवाया। उन्होंने लोगों को मोदी सरकार के विकास कार्यों के पत्रक वितरित किए तथा युवा वोटरों को उनके एक वोट की ताकत का अहसास करवाया। उन्होंने कहा कि विजनरी नेतृत्व ही देश के विकास को और नई ऊंचाइयों पर ले जाएगा। लोगों ने पूर्व सीएम का अपने गांव में जोरदार स्वागत किया। लोगों में उनके पधारने पर बड़ा ही उत्साह देखने को मिला। इस अवसर पर बड़ी संख्या में पार्टी के कार्यकर्ता और स्थानीय लोगो मौजूद रहे।

# मिलिट्री स्टेशन में स्वस्थ वीरांगना कैंसर कैंप का आयोजन



**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
मिलिट्री स्टेशन में सैनिक अस्पताल व स्थानीय स्वास्थ्य संगठन ने उत्तराखंड सब एरिया के तत्वाधान में जवानों के परिवार (महिलाओं) के लिए "एक स्वस्थ वीरांगना कैंसर स्क्रीनिंग कैंप" का आयोजन सैनिक अस्पताल में किया गया। लगभग 200 महिलाओं ने इस कैंप में अपनी जांच कराई।
इस कैंप का उद्घाटन कावेरी प्रेम राज अध्यक्षा परिवार कल्याण संगठन ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस कैंप "केन प्रोटेक्ट फाउंडेशन" एनजीओ की मदद से किया गया। इस कैंप में महिलाओं की लंबाई, वजन, बीपी, हीमोग्लोबिन की जांच के साथ साथ स्तन व योनि के कैंसर के लिए मैमोग्राफी वा पैप स्मीयर की जांच की गई। इस अवसर पर कर्नल आलोक गुप्ता ने विभिन्न कैंसर के बारे में जानकारी दी। कैन प्रोटेक्ट फाउंडेशन की डॉक्टर सुमिता प्रभाकर ने महिलाओं को संबोधित करते हुए बहुत सरल भाषा में बताया कि आजकल कैंसर किसी भी उम्र में हो सकता है।उन्होंने बताया की एक अच्छी जीवनशैली, अच्छा भोजन एवं समय-समय पर अपनी जांच करवाते रहें तो इनका पता जल्दी चल सकता है और इलाज भी संभव होता है। अंत में ब्रिगेडियर परीक्षित सिंह ने कैन प्रोटेक्ट फाउंडेशन की टीम को इस सामाजिक कल्याणकारी कार्यक्रम के लिए धन्यवाद दिया व सभी महिलाओं को अपने स्वास्थ्य के बारे में सजग रहने का सुझाव दिया। कावेरी प्रेम राज अध्यक्षा परिवार कल्याण संगठन ने टीम के सदस्यों को स्मृति चिन्ह भेंट कर अपना आभार प्रकट किया।
इस अवसर पर स्थानीय स्वास्थ्य संगठन ने एक स्वास्थ्य प्रदर्शनी का आयोजन भी किया।

# नशीले इंजेक्शनों के साथ दो गिरफ्तार



**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
पुलिस ने अलग-अलग स्थानों से दो युवकों को गिरफ्तार कर उनके पास से भारी मात्रा में प्रतिबंधित इंजेक्शन बरामद किए हैं।
जानकारी के मुताबिक मुखबिर की सूचना पर एसएसआई आमिर खान ने पुलिस टीम के साथ एक युवक को हज हाउस शौचालय के पास से गिरफ्तार किया।
तलाशी लेने पर उसके पास 850 ट्रामाडोल हाइड्रोक्लोराइड ऑर्थोडॉन इंजेक्शन बरामद हुए। वहीं एसआई हेमदत्त भारद्वाज ने टीम के साथ रहीस कालोनी मुकर्रबपुर के पास आम के बाग से एक युवक पकड़े लिया जिसके पास 20 नशीले इंजेक्शन मिले। आरोपित युवक बरामद इंजेक्शन के बारे कोई बिल, लाइसेंस नहीं दिखा पाये। दोनों युवकों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया गया।थानाध्यक्ष दिलबर सिंह नेगी ने बताया फैजान पुत्र मुसर्रत निवासी मुकरपुर कोतवाली लक्सर व मोनु पुत्र साजिद निवासी महमूदपुर को अलग-अलग स्थनों से गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है।

### अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की शांतिपूर्ण हुई परीक्षा

**देहरादून/नैनीताल**
उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के तत्वावधान में आयोजित आज पशुधन प्रसार अधिकारी सहायक प्रशिक्षण अधिकारी अधिदर्शक प्रदर्शक निरीक्षक परीक्षा नैनीताल जिले में शांति और सफलतापूर्वक हुई। कुल परीक्षार्थी 2375 परीक्षार्थी उपस्थित रहे।
अपर जिला अधिकारी फिंचाराम चौहान ने बताया कि पशुधन प्रसार अधिकारी सहायक प्रशिक्षण अधिकारी अधिदर्शक प्रदर्शक निरीक्षक परीक्षा के लिए जिले में 9 के केन्द्र बनाएं गए।

# धोतीधार मोटर मार्ग का निर्माण को लेकर शासनादेश नहीं हुआ तो मातृ वन्दन कार्यक्रम का करें बहिष्कार



**गोपेश्वर/टीम एक्शन इंडिया**
चमोली जिले के पोखरी विकास खंड के नौली-धोतीधार मोटर मार्ग निर्माण की मांग को लेकर पोखरी में जनप्रतिनिधियों की ओर से चल रहे धरने के दूसरे दिन प्रधान संगठन के ब्लॉक अध्यक्ष धीरेंद्र राणा ने सभी क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों से अपील की कि यदि धोतीधार मोटर मार्ग निर्माण का शासनादेश जारी नहीं होता है तो जनप्रतिनिधियों को 15 फरवरी को गोचर में मुख्यमंत्री की ओर से आयोजित मातृशक्ति वंदन कार्यक्रम का बहिष्कार करें ताकि सरकार जनप्रतिनिधियों और जनता की ताकत का पता चल सके।
गौरतलब है कि धोतीधार मोटर मार्ग निर्माण की मांग को लेकर बीते शनिवार को पोखरी तहसील में जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने प्रदर्शन कर धरना शुरू कर दिया था, जो रविवार को दूसरे दिन भी जारी रहा।
रविवार को प्रधान संगठन पोखरी धरना स्थल से सभी जनप्रतिनिधियों से मुख्यमंत्री के गोचर के कार्यक्रम के बहिष्कार की अपील की गई है। प्रधान संगठन के ब्लॉक अध्यक्ष का कहना है कि 22 साल से क्षेत्र की जानता सड़क की मांग कर रही है लेकिन सरकार उनकी बात सुनने को तैयार नहीं है जबकि चुनाव के वक्त तमाम वायदे किये जाते है लेकिन उन पर अमल नहीं किया जाता है जिससे लोगों में रोष बढ़ता जा रहा है।
धरने पर बैठने वालों में ग्राम प्रधान गुडम सजन सिंह, ग्राम प्रधान सलना चन्द्र कला, विनोद लाल, संदीप बत्र्वाल, विक्रम बासकंडी, विक्रम सिंह नेगी, दीपक कुमार, अंकित सिंह, चन्द्र मोहन रावत, सोबतसिंह राणा, सचिन सिंह, देवेन्द्र सिंह आदि मौजूद थे।

# बनभूलपुरा हिंसा में घायल पत्रकारों को मिले मुआवजा



**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
हल्द्वानी के बनभूलपुरा में हुए उपद्रव के दौरान कवरेज करने गए पत्रकारों पर हुए हमले और उनके वाहनों को क्षति पहुंचाए जाने की हरिद्वार श्रमजीवी पत्रकार यूनियन हरिद्वार इकाई ने कड़ी निंदा की है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से घायल पत्रकारों को उचित मुआवजा और क्षतिग्रस्त वाहनों की क्षतिपूर्ति तत्काल दिए जाने की मांग की है। सभी पत्रकारों ने एक स्वर में घायल पत्रकारों को सुरक्षा मुहैया कराए जाने की भी मांग उठाते हुए सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपा।
ज्ञापन में श्रमजीवी पत्रकार यूनियन हरिद्वार इकाई ने पत्रकारों के साथ हुए दुर्व्यवहार और हमले की कड़े शब्दों में निंदा की। इस दौरान मुख्यमंत्री धामी को संबोधित ज्ञापन हरिद्वार सिटी मजिस्ट्रेट कुसुम चौहान को सौंपे ज्ञापन के माध्यम से श्रमजीवी पत्रकार यूनियन ने सीएम से हल्द्वानी हिंसा में घायल हुए पत्रकारों और उनके क्षतिग्रस्त वाहनों के एवज में तत्काल उचित मुआवजा देने के साथ ही पत्रकारों को सुरक्षा मुहैया कराने की मांग की है।
ज्ञापन सौंपने वालों में श्रमजीवी पत्रकार यूनियन हरिद्वार इकाई के जिलाध्यक्ष ज्ञान प्रकाश पाण्डेय, कोषाध्यक्ष पंकज, सद्दाम हुसैन, संजय भारती, कुलदीप खंडेलवाल, पंकज जैसवाल, नवीन कुमार, राज कुमार व इंद्र कुमार शर्मा मौजूद रहे।

# पुलिसकर्मियों को मिले पांच लाख और साहसिक पुरस्कार : चौधरी

**दुर्भाग्यपूर्ण**

8 देवभूमि में इस प्रकार से पुलिस पर हमला होना बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण घटना है: राष्ट्रीय व्यापार मण्डल



**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
राष्ट्रीय व्यापार मण्डल ने शिवालिक नगर कार्यालय पर बैठक कर हल्द्वानी में उपद्रवियों के हमले की घोर निंदा करते हुए घायल हुए पुलिस के जवानों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। साथ ही घायल पुलिसकर्मियों को पांच-पांच लाख रुपये मुआवजा और राज्य या केंद्र सरकार का साहसिक पुरस्कार दिया दिए जाने की मांग की। उन्होंने उपद्रवियों को कड़ी से कड़ी सजा दिए जाने की भी मांग की।
बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष संजीव चौधरी ने कहा कि पुलिस ने उपद्रवियों का साहस के साथ सामना किया। देवभूमि में इस प्रकार से पुलिस पर हमला होना बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण घटना है। ऐसे तत्त्व राज्य का माहौल खराब करना चाहते हैं। उपद्रवियों को चिन्हित कर कड़ी सजा दी जाए की आगे कोई ऐसा कदम उठाने का सोच भी ना सके।
चौधरी ने कहा कि ऐसे स्थानों पर महिला पुलिसकमियों को हथियार के साथ भेजा जाना चाहिए। उन्होंने सभी घायलों को प्रोत्साहन के रूप से पांच-पांच लाख रुपये दिए जाने की मांग की।
चौधरी ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने भी साहस के साथ पुलिस का साथ दिया और ऐसे उपद्रवियो को देखते ही गोली मारने का आदेश देकर कड़ा संदेश दिया है। चौधरी ने कहा कि ऐसी ताकतें कुचली जानी चाहिए, जो धर्म के नाम पर उग्रवाद करते हैं। ऐसे सभी को सबक सिखाया जाना चाहिए। पुलिस पर हमला करने वालो को बख्शा नहीं जाना चाहिए।
बैठक में व्यापारी नेता पुष्पेन्द्र गुप्ता, संजीव कुमार, राजीव गुप्ता, विजय धीमान, ठाकुर विपिन राणा, राजेंद्र श्रीवास्तव, संजीव वर्मा, पंकज कुमार, अरुण, सोनू कुमार, मोनू राणा, अश्वनी चौहान आदि अनेक व्यापारी व सामाजिक नागरिक उपस्थित रहे।

# श्री बद्रीनाथ धाम के पुजारी रावल पहुंचे कुबेर महोत्सव में, कुबेर मंदिर में की पूजा अर्चना



**जोशीमठ/टीम एक्शन इंडिया**
श्री बद्रीनाथ धाम के मुख्य पुजारी श्री रावल ईश्वर प्रसाद नंबूदरी ने रविवार को पांडुकेश्वर पहुंचकर श्री कुबेर महोत्सव कार्यक्रम मे भाग लिया।पांडुकेश्वर पहुंचने पर श्री रावल का बाजे गाजे के साथ परंपरागत स्वागत हुआ। श्री रावल ने कुबेर मंदिर में पूजा अर्चना कर विश्व कल्याण की कामना की।
बीकेटीसी उपाध्यक्ष किशोर पंवार, श्री कुबेर महोत्सव व मंदिर नव निर्माण समिति के अध्यक्ष अनूप भंडारी, उपाध्यक्ष राजेश मेहता, सरपंच जसबीर मेहता, ग्राम प्रधान बबिता पंवार आदि ग्रामीणों ने श्री रावल का स्वागत किया। कथा व्यास आचार्य भुवन चन्द्र उनियाल, वेदपाठी रविन्द्र भट्ट व अन्य वैदिक ब्राह्मणों ने श्री रावल के कर कमलों से कुबेर मंदिर में पूजा अर्चना कराई। मुख्य पुजारी श्री रावल आगामी 14 फरवरी बसन्त पंचमी के पावन पर्व पर टिहरी राज दरबार मे भगवान बद्रीविशाल के कपाटोद्घाटन के मुहूर्त निकाले जाने के धार्मिक आयोजन में भी मौजूद रहेंगे।

# मूल निवास के लिए स्वाभिमान रैली में टिहरी में उमड़ा जनसमुदाय

**रैली**

**8 रैली के माध्यम से सरकारों को चेताया गया कि उत्तराखंडियत की पहचान से छलावा नहीं करने दिया जायेगा।**



**नई टिहरी/टीम एक्शन इंडिया**
मूल निवास भू कानून समन्वय संघर्ष समिति के तत्वावधान में रविवार को नई टिहरी जिला मुख्यालय पर आम लोगों, विभिन्न संगठनों, राजनैतिक दलों व स्थानीय लोगों की बड़ी भीड़ के साथ मूल निवास स्वाभिमान रैली निकाली गई।
रैली के माध्यम से सरकारों को चेताया गया कि उत्तराखंडियत की पहचान से छलावा नहीं करने दिया जायेगा। चाहे इसके लिए उत्तराखंड आंदोलन की तर्ज पर फिर आंदोलन करना पड़े। दूसरी और भाजपा के जिला संगठन ने कहा कि प्रदेश की धामी सरकार जनभावना के अनुरूप काम कर रही है। यूसीसी जैसा कानून लाकर बड़ी पहल की गई है।
रविवार को मूल निवास स्वाभिमान रैली को लेकर सुबह से ही सुमन पार्क नई टिहरी में स्थानीय लोगों सहित विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधि व राजनैतिक दलों के पदाधिकारी व जनपद के दूरस्थ व बाहरी जनपदों से आये लोग जुटने शुरू हुई। इसके बाद दोपहर में मूल निवास जरूरी है और सशक्त भू कानून बनाये सरकार की मांगों को लेकर वृहत रूप से नई टिहरी से मोलधार होते हुए सांई चौक होते हुए बौराड़ी पहुंचे। सुमन पार्क व बौराड़ी में आम सभा का आयोजन भी किया गया।
समन्वय संघर्ष समिति के संयोजक मोहित डिमरी ने कहा कि स्थानी निवास उत्तराखंडियों के साथ साजिश है। हमारी पहचान से खिलवाड़ है। इसी तरह से लचर भूकानून के चलते प्रदेश में भूमाफिया का नंगा नाच हो रहा है। प्रदेश सह संयोजक लुसन टोडरिया ने कहा कि प्रदेश के हित में लचर नियमों का प्रभाव है कि आज प्रदेश के हिमालयी क्षेत्रों तक भूमाफिया पहुंच चुके हैं। मूल निवास न होने के कारण स्थानीय छोटी नौकरियां तक बेचकर बाहर वालों को लाया जा रहा है।

# उत्तराखंडः हल्द्वानी के कर्फ्यू ग्रस्त बनभूलपुरा क्षेत्र में सेवाएं सुचारु, मेडिकल स्टोर खुले

**बहाल**

**8 कर्फ्यू ग्रस्त बनभूलपुरा क्षेत्र में प्रशासन की टीम ने आवश्यक सेवाओं को बहाल कर दिया है।**



**देहरादून/हल्द्वानी/टीम एक्शन इंडिया** उत्तराखंड के नैनीताल जिले स्थित हल्द्वानी शहर के कर्फ्यू ग्रस्त बनभूलपुरा क्षेत्र में आवश्यक सेवाओं को सुचारु करने के साथ ही मेडिकल स्टोर खुलवाए गए हैं। साथ ही बनभूलपुरा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में सेवा को बहाल कर दिया गया है।
रविवार को जिलाधिकारी वंदना सिंह के निर्देश पर कर्फ्यू ग्रस्त बनभूलपुरा क्षेत्र में प्रशासन की टीम ने आवश्यक सेवाओं को बहाल कर दिया है। जोनल मजिस्ट्रेट एपी वाजपेई ने आवश्यक सेवाओं को बहाल किया। बीमार लोगों के लिए बनभूलपुरा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को सुचारु किया गया है। इसके अलावा लाइन नंबर 17 निवासी डेढ़ वर्षीय मोहम्मद इजहान जो कि बीमारी से ग्रसित था, उसे बनभूलपुरा चिकित्सालय में ले जाकर इलाज के उपरांत राजकीय वाहन से घर तक छोड़ा गया है। प्रशासन धीरे-धीरे शांति व्यवस्था के साथ-साथ आवश्यक सेवाओं को सुचारु कर रहा है।

## बनभूलपुरा के लिए पहुंची अर्ध सैनिक बलों की टुकड़ी

**हल्द्वानी/टीम एक्शन इंडिया**
हल्द्वानी के दंगा प्रभावित क्षेत्र बनभूलपुरा में राज्य सरकार द्वारा मांगी गई पैरामिलिट्री फोर्स हल्द्वानी पहुंच गई है। एक कंपनी पैरामिलिट्री फोर्स शहर में पहुंच चुकी है। बाकी अन्य चार पैरामिलिट्री फोर्स कुछ देर में हल्द्वानी पहुंच जाएंगी।
इसके बाद उन सभी को दंगा प्रभावित क्षेत्र बनभूलपुरा की तरफ भेजा जाएगा और उनकी तैनाती की जाएगी। कल शाम को मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने केंद्र सरकार से पांच कंपनी पैरामिलिट्री फोर्स की डिमांड की थी। इसके बाद आज पैरामिलिट्री फोर्स हल्द्वानी पुलिस को मिल गई है।

# दूधियों के साथ हो रही लूट से पुलिस ने उठाया पर्दा, चार बदमाश दबोचे

**बरामद**

**8 पुलिस ने आरोपितों के पास से तमंचा, कारतूस, नगदी व घटना में प्रयुक्त बाइक बरामद की है।**



**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
जनपद के पथरी क्षेत्र में दुधियों के साथ हुई सिलसिलेवार लूट का पदार्फाश करते हुए पुलिस ने चार बदमाशों को गिरूतार किया है। पुलिस ने आरोपितों के पास से तमंचा, कारतूस, नगदी व घटना में प्रयुक्त बाइक बरामद की है। पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उनका चालान कर दिया है।
मामले का खुलासा करते हुए एसएसपी प्रमेन्द्र डोबाल ने बताया कि पिछले कुछ दिनों से थाना पथरी क्षेत्रांतर्गत सुभाषगढ़ तिराहे से एक्कड़ के बीच पिछले कुछ दिनों से कुछ बदमाशों द्वारा दूध बेचने वालों व अकेले जा रहे राहगीरों को निशाना बनाकर लूट की घटनाओं को अंजाम दिया जा रहा था। बताया कि झिवंरहेडी लक्सर निवासी मुकेश कुमार ने अज्ञात बदमाशों द्वारा लूट की घटना को अंजाम देने के संबंध में थाना पथरी में लूट का मुकदमा दर्ज कराया था। एसएसपी के संज्ञान लेते हुए विशेष टीमें गठित करते हुए जल्दी आरोपितों की गिरफ्तार के निर्देश दिए।
गठित पुलिस टीमों ने सीसीटीवी फुटेज व स्मार्ट पुलिसिंग के साथ-साथ सुनसान वाले इलाकों में मुश्तैदी से गश्त बढाई। जिसके चलते पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर चार आरोपितों को पथरी क्षेत्र के सुभाषगढ़ तिराहे से घटना में प्रयुक्त 03 बाइक, तमंचा, 02 जिंदा कारतूस, लोहे की रॉड, 03 मोबाइल व 12 हजार के साथ गिरफ्तार किया।
पूछताछ में आरोपितों ने बताया कि वे एक ही बाइक से आते थे और सुनसान वाले इलाके में दूध बेचने वालों व अकेले जाने वाले राहगीरों के साथ लूटपाट की घटना को अंजाम देते थे। बताया कि ग्रामीण इलाका होने के कारण ज्यादातर लोगों के पास पैसा बहुत कम रहता है, लेकिन दूधियों के पास ज्यादा पैसे मिल जाते थे, इसलिए हमने उनको अधिक निशाना बनाया। आरोपितों ने अपने नाम अनस पुत्र ईनाम, अरशद उर्फ शाका पुत्र इरशाद, जुनैद पुत्र रियासत व मुस्तकीम पुत्र मुनफैद निवासीगण ग्राम खड़ंजा कोतवाली लक्सर जनपद हरिद्वार बताए। पुलिस ने चारों के खिलाफ मुकद्मा दर्ज कर उनका चालान कर दिया है।

## संक्षिप्त खबरें

### वाहन दुर्घटना में महिला की मौत, सात घायलों में एक स्थिति गंभीर

**गोपेश्वर/टीम एक्शन इंडिया**
चमोली जिले के नंदानगर विकास खंड के कांडई-माणखी मोटर मार्ग पर रविवार को एक वाहन के दुर्घटनाग्रस्त होने से वाहन में सवार 12 लोगों में से एक महिला की मौत हो गई जबकि सात घायल हुए है, जिसमें से एक की स्थिति गंभीर बनी हुई है। जबकि चार लोगों पर चोट न लगने के कारण उन्हें घटना स्थल से ही घर भेज दिया गया है।
जिला सूचना कार्यालय के अनुसार मंदिर में पूजा करने के बाद अपने गांव कांडई लौट रहे टेंपो ट्रेवल्स वाहन संख्या यूके02 पीए 0058 कांडई मोटर मार्ग पर अनियंत्रित होकर 25 मीटर नीचे खाई में जा गिरा जिससे वाहन में सवार 12 लोगों में से एक की मौत हो गई जबकि सात लोग घायल हुई है जिसमें से एक की स्थिति गंभीर बनी हुई है जबकि चार लोगों को चोट न लगने के कारण घटना स्थल से ही घर को भेज दिया है। घायलों को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय गोपेश्वर लाया गया है।
घटना में मृतकों में कांडई गांव निवासी लक्ष्मी देवी पत्नी कन्हैया लाल उम्र 25 वर्ष है। जबकि घायलों में बृजेश पुत्र कन्हैया लाल 28 वर्ष, अखिलेश कनियाल पुत्र अज्ञात 51 वर्ष, अभिषेक पुत्र अखिलेश कनियाल 18 वर्ष, रोहित पुत्र राजकुमार 18 वर्ष, मोहित पुत्र राजकुमार 16 वर्ष, संदीप पुत्र अनसूया 30 वर्ष है जबकि गंभीर घायलों में कन्हैया लाल पुत्र रेदास (सभी निवासी कांडई) शामिल है।

### रेलवे ट्रैक पर मिला कटा हुआ शव

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
हरिद्वार से देहरादून रेलवे ट्रैक पर एक कटा हुआ शव मिला है।
रेलवे स्टेशन हरिद्वार से देहरादून मार्ग की ओर एक पुरुष का कटा हुआ शव मिला है, जिसकी लगभग उम्र 38 वर्ष है। शव को शिनाख्त के लिए जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखा गया है। मृतक के हाथ पर ओम का टैटू गुथा हुआ है व छाती पर बायीं तरफ काली माता का टैटू बना हुआ है। पुलिस मृतक की शिनाख्त के प्रयास कर रही है।

### भाजपा कार्यकताओं ने पण्डित दीनदयाल उपाध्याय को किया याद, बोले-अंत्योदय कल्याण के मार्ग पर हो रहा विकास

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने अपने वैचारिक अधिष्ठान पंडित दीन दयाल उपाध्याय को उनकी पुण्य तिथि पर राज्य भर में विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से भावपूर्ण स्मरण किया। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि मोदी सरकार उनके बताए अंत्योदय कल्याण के मार्ग पर देश को आगे बढ़ा रही है।
रविवार को बलबीर रोड स्थित प्रदेश कार्यालय में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में अंत्योदय सिद्धांतों के जनक और पार्टी के वैचारिक प्रणेता स्वर्गीय पंडित दीन दयाल उपाध्याय को पुष्पांजलि अर्पित की गई। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि उपाध्याय के अंत्योदय विचार और एकात्म मानववाद दर्शन को पार्टी ने राजनीति में आत्मसात करने का काम किया। जिसका परिणाम है कि लागतार सत्ता में रहते हुए भी हम पार्टी विद डिफरेंस का दावा कर सकते हैं।
उनके विचारों को धरातल पर उतारने का यदि कोई सबसे अधिक प्रयास कर रहा है तो वह प्रधानमंत्री मोदी है।
वक्ताओं ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी पंडित जी के विचारों के अनुरूप कई वर्षों से 80 करोड़ अंत्योदय लोगों के भोजन की चिंता कर रहे हैं। कमजोर व्यक्ति के जीवन को सुरक्षित करने के लिए आयुष्मान योजना से 5 लाख तक का स्वास्थ्य बीमा दिया जा रहा है। गरीब किसानों को सम्मान निधि, मातृ शक्ति को लखपति बनाने की योजना, श्रमिकों के कल्याण की योजनाएं हँ। मोदी जी ने पंडित जी के विचारों पर अमल करते हुए समाज के कमजोर तबकों को मजबूत बनाने का काम किया है यही वजह है कि जब कोरोना महामारी में दुनिया की अर्थव्यवस्था गर्त में गई लेकिन भारत 10 वे से पांचवें वे स्थान पर पहुंच गया ।
दुनिया में विकसित देशों के हालत इस दौरान बेहद खराब हो गए, लेकिन हमारे देश में 20 करोड़ से अधिक लोग गरीबी रेखा से बाहर आए और यह मोदी सरकार की नीतियों से संभव हुआ। मोदी सरकार ने अंत्योदय के विचारों के अनुरूप समाज के निचले पायदान को ऊपर उठाने का काम किया है ।

# टीवी सीरियल सीआईडी देखकर पत्नी की हत्या का बुना था ताना-बाना, पति समेत दो गिरफ्तार



**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
टीवी धारावाहिक सीआइडी को देखकर अपनी पत्नी की हत्या का ताना-बाना बुनकर उसे मौत के घाट उतारने वाले आरोपित पति समेत दो लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस महिला के शव की नहर में तलाश में जुटी है। पुलिस ने आरोपितों की निशानदेही पर महिला के कपड़े व अन्य सामान बरामद किया है।
मामले का खुलासा करते हुए एसएसपी प्रमेन्द्र डोबाल ने बताया कि 7 फरवरी की रात्रि को कोतवाली मंगलौर पुलिस को नहर पटरी नसीरपुर में हुई दुर्घटना में एक महिला के नहर में डूब जाने तथा एक व्यक्ति के डूबने से बच जाने की सूचना मिली। जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और राहत कार्य किए। घटना को संदिग्ध बताते हुए नहर में बही मृतका के पिता ने अपने दामाद और अन्य द्वारा साजिश रच कर विवाहिता को गंगनहर में धक्का देकर हत्या कर देने के संबंध में मुकदमा दर्ज कराया।
खुलासे के लिए गठित टीम ने पूरे मामले की पड़ताल की तो सामने आया कि मृतका के नाम पर 44 लाख रुपए का बैंक लोन था। आरोपी पति अतेंद्र ज्वालापुर में आटा चक्की उद्योग का कार्य करता है। इस कार्य के लिए मृतका के नाम पर 44 लाख रुपये का लोन लिया गया था। दूसरा आरोपी भी आटा चक्की पर ही काम करता था। आरोपित पति का बैंक में काम कर रही महिला के साथ हरिद्वार में अवैध संबंध भी सामने आया है। बताया कि आरोपित ने अभियुक्त ने बैंक जाकर पता किया तो वहां उसको पता चला कि मरने के बाद लोन माफ हो जाता है। मामला पता चलते ही योजनाबद्ध तरीके से मृतका को शराब पीने की आदत डाली गई।
एसएसपी ने बताया कि घटना के दिन मृतका को धोखे से काफी शराब पिलाकर जबरदस्ती वेगनआर मे डालकर हरिद्वार लाया गया। चक्की में काम करने वाले दूसरे आरोपित जिसे मृतका के पति ने 5 लाख देने का वायदा किया था, मोटरसाइकिल पर पीछे-पीछे आ रहा था।

## जान से मारने की धमकी देने वाले आरोपित गिरफ्तार

**ऋषिकेश/टीम एक्शन इंडिया**
ऋषिकेश कोतवाली क्षेत्र में एक युवती से दुर्व्यवहार कर धारदार हथियार दिखाकर जान से मारने की धमकी देने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।
कोतवाली वाली के एसएस आई उत्तम सिंह रमोला ने बताया कि शनिवार को कोतवाली ऋषिकेश में पीड़ित ने एक लिखित तहरीर देते हुए कहा था कि उनके मोहल्ले में रहने वाला जोगेश उर्फ नागेश पुत्र अशोक कुमार के ने उनके साथ अश्लील बातें करने, छेड़छाड़ करने तथा धारदार हथियार दिखाकर जान से मारने की धमकी देने के संबंध में दी गई प्राप्त लिखित तहरीर के आधार पर तत्काल कोतवाली ऋषिकेश में अभियोग पंजीकृत कर विवेचना प्रारंभ की गई।

# हेरिटेज एंड टूर गाइड ट्रेनिंग के प्रशिक्षुकों को करवाया आदिबद्री का भ्रमण

**विरासत**

**8 इस ट्रेनिंग का मुख्य उद्देश्य सांस्कृतिक विरासत को पूरे देश में प्रचारित-प्रसारित करना है।**



**गोपेश्वर/टीम एक्शन इंडिया**
उत्तराखंड पर्यटन विकास परिषद के सहयोग से समर्पित मीडिया सोसाइटी ने हेरिटेज एण्ड टूर गाइड ट्रेनिंग के दौरान रविवार को महाविद्यालय के छात्र प्रशिक्षुकों को आदिबद्री का भ्रमण करवाया।
सोसाइटी के अध्यक्ष और मास्टर ट्रेनर पंकज शर्मा ने बताया कि दस दिवसीय ट्रेनिंग के लिए कर्णप्रयाग महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं का चयन किया गया। इस ट्रेनिंग का मुख्य उद्देश्य उतराखंड के युवाओं को यहां की सांस्कृतिक विरासत को पूरे देश में प्रचारित-प्रसारित कर स्वरोजगार के लिए तैयार करना है।
समर्पित मीडिया सोसाइटी की सचिव सीमा शर्मा के अनुसार यह ट्रेनिंग सामाजिक एवं पर्यावरणीय परिवर्तन के अंतर्गत सांस्कृतिक विरासत और धरोहर को संरक्षित करने का संदेश भी देती है।

# गोपेश्वरः बदरीनाथ धाम कपाट खुलने की प्रक्रिया शुरू



**गोपेश्वर/टीम एक्शन इंडिया**
बदरीनाथ धाम कपाट खुलने की तिथि तय करने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। इसी कड़ी में रविवार को गाडूघड़ा (तेल कलश) नृसिंह मंदिर जोशीमठ से पूजा अर्चना पश्चात योग बदरी पांडुकेश्वर रवाना हुआ। पांडुकेश्वर कुबेर महायज्ञ तथा श्रीमद्भागवत कथा में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने योग बदरी मंदिर में दर्शन किये तथा तेल कलश का स्वागत किया।
बदरीनाथ धाम के कपाट खुलने की तिथि नरेंद्र नगर स्थित राजदरबार में बसंत पंचमी 14 फरवरी को तय होनी है।
बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति (बीकेटीसी) अध्यक्ष अजेंद्र अजय ने कहा कि श्री बदरीनाथ धाम के कपाट खुलने की तिथि तय करने के कार्यक्रम के लिए मंदिर समिति ने तैयारी शुरू कर दी गयी है मुख्य कार्याधिकारी योगेंद्र सिंह ने मंदिर समिति कर्मचारियों को इस संबंध में निर्देश जारी किये है।
14 फरवरी को ही डिमरी धार्मिक केंद्रीय पंचायत की ओर से गाडू घड़ा राजमहल को सौंपा जायेगा बाद में राजमहल से गाडू घड़ी में तिलों का तेल पिरोकर कपाट खुलने से पूर्व बदरीनाथ धाम पहुंचता है। कपाट खुलने के बाद यह तेल कलश भगवान बदरीविशाल के नित्य अभिषेक के लिए प्रयोग में लाया जाता है।
बीकेटीसी मीडिया प्रभारी डा. हरीश गौड़ ने बताया कि धार्मिक रस्म के अंतर्गत रविवार को नृसिंह मंदिर में बीकेटीसी ने तेल कलश को मंदिर भंडार से डिमरी पंचायत प्रतिनिधियों के सुपुर्द किया गया। उसके बाद नृसिंह मंदिर, वासुदेव मंदिर में पूजा अर्चना पश्चात डिमरी पंचायत तथा मंदिर समिति अधिकारी गाडू घड़ा के साथ योग बदरी पांडुकेश्वर पहुंचे जहां केरल के नंबूदरी संप्रदाय के बदरीनाथ धाम के मुख्य पुजारी रावल ईश्वर प्रसाद नंबूदरी ने पूजा-अर्चना संपन्न की। इससे पहले कुबेर देवरा समिति ने फूलमालाओं से उनका स्वागत किया तथा बीकेटीसी उपाध्यक्ष किशोर पंवार ने गाडू घड़ा तथा डिमरी पंचायत प्रतिनिधियों की अगवानी की।

# बनबसाः पुलिस और एसओजी ने 50 लाख की चरस के साथ पकड़े दो तस्कर



**बनबसा(चंपावत)/टीम एक्शन इंडिया** पुलिस और एसओजी की टीम ने नशा के सौदागरों पर कड़ा प्रहार करते हुए दो अंतर्राज्यीय तस्करों को करीब 50 लाख रुपये की चरस के साथ गिरफ्तार किया है। उनके पास से 25 किलो 687.5 ग्राम चरस बरामद की है। तस्कर चरस को लग्जरी होंडा सिटी कार में ले जा रहे थे। चरस छिपाने के लिए उन्होंने कार को मॉडीफाइ कर गुप्त केबिन बनवाया था। एसपी ने चरस की अब तक की सबसे बड़ी खेप की बरामदगी करने वाली टीम को पांच हजार रुपये इनाम से पुरस्कृत करने की घोषणा की है।
पुलिस और एसओजी की टीम ने शनिवार को संयुक्त चेकिंग के दौरान कमलपथ टनकपुर-खटीमा राष्ट्रीय राज मार्ग पर कार होंडा सिटी यूके07/एवाई1771 चैकिंग के लिए रोका। जांच करने पर कार के अन्दर से मादक पदार्थ की गंध महसूस हुई संदिग्ध प्रतीत होने पर कार ड्राइवर व कार में बैठे व्यक्ति को कार सहित पकड़ लिया। नाम व पता पुछने पर ड्राइवर ने अपना नाम 30 वर्षीय विशाल गुप्ता उर्फ रानू पुत्र नरेश गुप्ता निवासी नियर बिजली घर ग्राम बिनावर थाना बिनावर जिला बदायूं, उत्तर प्रदेश बताया। पीछे सीट पर बैठे व्यक्ति ने अपना नाम विरेश कुमार गुप्ता पुत्र श्याम चन्द्र गुप्ता निवासी ग्राम पापड़ हमजा पुर थाना दातागंज जिला बदायूं,उत्तर प्रदेश उम्र 48 वर्ष बताया।
सख्ती से पूछताछ करने पर दोनों ने अपने पास चरस होना बताया। इस पर तत्काल नियामानुसार राजपत्रित अधिकारी सीओ टनकपुर शिवराज सिंह राणा को मौके पर बुलाकर उनके समक्ष नियमानुसार पूछताछ और दोनों की तलाशी ली तो विशाल गुप्ता उर्फ रानू ने कार के चेचिस के नीचे बने तस्करी के लिए इस्तेमाल करने वाले अतिरिक्त मॉडीफाइ केबिन से 16 पारदर्शी पन्नियों के बन्डल सें 15 किलो 747.50 ग्राम चरस को स्वयं निकलकर बरामद करायी। पीछे की सीट पर बैठे अभियुक्त विरेश कुमार गुप्ता के बैग से 10 पारदर्शी पन्नियों के बन्डल से 09 किलो 940 ग्राम चरस बरामद हुई। पुलिस ने कार को कब्जे मे लेकर दोनों को नियामानुसार गिरफ्तार किया।पूछताछ करने पर अभियुक्तों ने बताया कि उनके द्वारा तस्करी हेतु और पुलिस से बचने के लिए कार के चेचिस के नीचे यह मोडिफाइड केबिन बरेली में बनवाया था।
अभियुक्तों के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई करते हुए थाना बनबसा में एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/20/60 में मुकदमा पंजीकृत कर लिया है। अभियुक्तों ने पूछताछ में बताया कि वह नेपाली तस्कर साथियों से चरस ले जाकर बदायूं बरेली में ऊंचे दामों पर बेचकर पैसा कमाते हैं। यह चरस नेपाली तस्कर देकर गयें थे चरस को जनपद बदायूँ लेकर जा रहे थे कि पकड़े गये पुलिस ने बताया कि यह बरामदगी विगत 10 वर्षों में जनपद की सबसे बड़ी रिकवरी है।

# मातृ शक्ति सम्मेलन में आधुनिक शिक्षा के बारे में दी जानकारी



**गोपेश्वर/टीम एक्शन इंडिया**
चमोली जिले के देवाल विकास खंड के शिशु मंदिर में रविवार को मातृत्व शक्ति सम्मेलन का आयोजन किया गया। इसमें माताओं को आधुनिक शिक्षा प्रणाली, समाज में फैल रही बुराई पर रोकथाम, घर में बच्चों को पठन-पाठन के गुर सिखाए गए।
सरस्वती शिशु मंदिर के प्रधानाचार्य रमेश चन्द त्रिवेदी ने नई शिक्षा प्रणाली की जानकारी देते हुए कहा कि बच्चो के स्कूल में प्रवेश के लिए जन्म प्रमाण पत्र बनाना जरूरी हो गया है। उन्होंने मातृ शक्ति से बच्चों को मोबाइल नहीं देने, साइबर अपराधों से रोकथाम करने व बच्चों को खेल-खेल में पढ़ाई करवाने की तकनीकी की भी जानकारी दी।
अध्यापिका पार्वती खत्री और रोशनी बिष्ट ने महिला कलात्मक तरीके से पठन-पाठन की विधि बताई। महिलाओं ने अनेक सुझाव रखे।
इस मौके पर मुख्य अतिथि हेम चन्द्र मिश्रा ने महिलाओं से कहा कि पाल्यों को शिक्षा के साथ संस्कार जरूरी देना आवश्यक है, जो शिशु मंदिर बच्चों को दें रहा है। शिक्षा से ही उज्जवल भविष्य बनता है।
सम्मेलन में अध्यापिका सत्येश्वरी देवराडी, रणजीत रावत, सुरेश पयाल, पार्वती खत्री, सुनीता मिश्रा, रोशनी, आशा बिष्ट, प्रियंका दानू, भावना जोशी, कमला देवी, पार्वती देवी, पूजा दानू, ममता, सरोज, कमला मिश्रा आदि मौजूद थी।

## अगर ऐसा हुआ तो IND vs ENG तीसरे टेस्ट में सरफराज खान को मिल सकता है डेब्यू का मौका- आकाश चोपड़ा

नई दिल्ली.एजेंसी

पूर्व भारतीय सलामी बल्लेबाज और मौजूदा एक्सपर्ट आकाश चोपड़ा का मानना है कि अगर केएल राहुल तीसरे टेस्ट के चयन के लिए उपलब्ध नहीं होते हैं तो सरफराज खान को डेब्यू का मौका मिल सकता है। दरअसल, केएल राहुल पहले टेस्ट के बाद चोटिल हो गए थे जिस वजह से वह विशाखापट्टनम में खेले गए दूसरे टेस्ट में हिस्सा नहीं ले पाए थे। बीसीसीआई ने 10 फरवरी को सीरीज के बचे तीन टेस्ट के लिए स्क्वॉड का ऐलान कर दिया है, इस स्क्वॉड में केएल राहुल को जगह तो मिली है, मगर उनका चयन फिटनेस के अधीन है। अगर बीसीसीआई मेडिकल टीम राहुल को मंजूरी देते हैं तो ही वह तीसरे टेस्ट के लिए उपलब्ध हो पाएंगे।

आकाश चोपड़ा ने अपने यूट्यूब चैनल पर कहा, -केएल राहुल और रविंद्र जडेजा इस टीम का हिस्सा है, जो होना ही था। मुझे लगता है कि केएल राहुल को टीम में आना चाहिए क्योंकि उन्हें निगल की ही परेशानी थी, यह कोई टीयर इंजरी नहीं थी, खासकर जब से ह एक बल्लेबाज है और फिलहाल कीपिंग नहीं कर रहे हैं।उन्होंने आगे कहा, इसलिए मैं मान रहा हूं कि वह राजकोट में उपलब्ध होंगे और खेलेंगे भी। वह नंबर 4 पर बल्लेबाजी करने के लिए श्रेयस अय्यर की जगह तुरंत फिट हो जाएंगे। अगर राहुल उपलब्ध नहीं है, तो आप सरफराज खान को पदार्पण करते हुए देख सकते हैं।केएल राहुल दूसरे टेस्ट के लिए उपलब्ध नहीं थे, ऐसे में उनकी जगह रजत पाटीदार को डेब्यू करने का मौका मिला था।

## उम्मीद नहीं थी कि इतनी जल्दी...टीम इंडिया में हुई एंट्री तो हैरान हुए आकाशदीप

नई दिल्ली.एजेंसी

इंग्लैंड के खिलाफ अंतिम तीन टेस्ट मैचों के लिए भारतीय टीम में गए चुने तेज गेंदबाज आकाशदीप ने कहा कि उन्हें इतनी जल्दी राष्ट्रीय टीम में शामिल होने की उम्मीद नहीं थी। पिछले सत्र में बंगाल और भारत ए की तरफ से लाल गेंद की क्रिकेट में अच्छा प्रदर्शन करने वाले आकाशदीप ने पीटीआई से कहा, मुझे उम्मीद थी कि अगर मैं अच्छा प्रदर्शन करना जारी रखता हूं तो मुझे निकट भविष्य में टेस्ट टीम में चुन लिया जाएगा लेकिन मुझे इसकी उम्मीद नहीं थी कि तीसरे मैच में ही मुझे राष्ट्रीय टीम में जगह मिल जाएगी।

इस 27 वर्षीय खिलाड़ी ने दुर्गापुर में टेनिस बॉल क्रिकेट से अपने क्रिकेट करियर की शुरुआत की। वह बिहार के रहने वाले हैं जहां एक समय क्रिकेट को करियर के रूप में नहीं देखा जाता था।

उन्होंने कहा, बिहार में तब (भारतीय क्रिकेट बोर्ड से निलंबित होने के कारण) क्रिकेट के लिए कोई उचित मंच नहीं था विशेष कर सासाराम में जहां का मैं रहने वाला हूं, वहां क्रिकेट खेलना अपराध



माना जाता था। कितने ही माता-पिता अपने बच्चों से कहते थे कि आकाश से दूर रहो। वह पढ़ाई नहीं करता और उसकी संगत में रहकर बिगड़ जाओगे।

आकाश के पिता उन्हें सरकारी नौकरी के लिए परीक्षाओं में भाग लेने के लिए कहते थे। उन्होंने कहा, मेरे पिताजी मुझे बिहार पुलिस कांस्टेबल या राज्य सरकार में चर्त श्रेणी के कर्मचारी की परीक्षा देने के लिए कहते थे। वह उन सरकारी नौकरी के आवेदन पत्र भरते थे और मैं परीक्षा देने जाता था और खाली फॉर्म जमा करके वापस आ जाता था।

# Sourav Ganguly के घर से फोन चोरी

## पूर्व-कप्तान को सताया अहम सूचना लीक होने का डर, पुलिस ने किया मामला दर्ज

**बीसीसीआई के पूर्व अध्यक्ष और भारतीय टीम के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली का फोन कथित रूप से कोलकाता स्थित बेहला में उनके घर से चोरी हो गया है। यह घटना तब प्रकाश में आई जब सौरव गांगुली ने शनिवार को ठाकुरपुर पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई। सौरव गांगुली के घर में जो मिस्त्री काम करते हैं उनसे पूछताछ होने की संभावना है।**

नई दिल्ली.एजेंसी

बीसीसीआई के पूर्व अध्यक्ष और पूर्व भारतीय कप्तान सौरव गांगुली का फोन कथित रूप से कोलकाता स्थित बेहला में उनके घर से चोरी हो गया है। यह घटना तब चर्चा में आई जब गांगुली ने शनिवार को ठाकुरपुर पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई।

सौरव गांगुली ने पुलिस के सामने अपनी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि फोन में कुछ निजी जानकारी है और अधिकारियों से गुजारिश की है कि इसका कोई दुरुपयोग नहीं हो। जब चोरी हुई तब गांगुली घर से दूर थे। उन्होंने ध्यान दिलाया कि शनिवार को घर के एक विशेष स्थान पर फोन छोड़कर गए थे और तब से वो गायब है।

**पुलिस करेगी पड़ताल**

सौरव गांगुली के घर में इस समय पेंटिंग का काम चल रहा है। गांगुली के घर में काम करने वाले मिस्त्रियों से संभावना है कि पुलिस पूछताछ करेगी। गांगुली ने शनिवार को ठाकुरपुर पुलिस



स्टेशन के थाना प्रभारी को एक पत्र लिखकर बताया कि मोबाइल फोन उनके घर से गायब हुआ है। उन्होंने ध्यान किया कि सुबह 11.30 बजे करीब उन्होंने अपना फोन आखिरी बार देखा था। इसके बाद कई बार खोजने के बावजूद उन्हें फोन नहीं मिला।

**गांगुली ने किया आग्रह**

गांगुली के लिए फोन का खो जाना मुश्किल वाली बात है क्योंकि इसमें कई लोगों को एक्सेस मिला है और काफी अहम जानकारी फोन में है। गांगुली ने ध्यान दिलाया कि उनका फोन नंबर उनके बैंक अकाउंट से लिंक है और कई महत्वपूर्ण व्यक्तियों के नंबर उनके मोबाइल में सेव हैं। गांगुली ने पुलिस से आग्रह किया है कि फोन को खोज लें और सुनिश्चित करें कि किसी भी स्थिति में फोन के डाटा की जानकारी का खुलासा नहीं हो।

**आईपीएल में नजर आएंगे गांगुली**

बीसीसीआई के पूर्व अध्यक्ष सौरव गांगुली इस समय दिल्ली कैपिटल्स के साथ क्रिकेट निदेशक के रूप में काम कर रहे हैं। गांगुली सहित दिल्ली कैपिटल्स टीम प्रबंधन की ऋषभ पंत पर करीबी निगाहें टिकी हैं कि वो आगामी सीजन में उपलब्ध हो पाएंगे या नहीं। पंत ने दिसंबर 2022 के बाद से प्रतिस्पर्धी

### सुनील गावस्कर ने मिचेल स्टार्क को IPL में मिली मोटी रकम पर दिया बयान, बोले- मुझे नहीं लगता कि कोई...

नई दिल्ली.एजेंसी

महान बल्लेबाज सुनील गावस्कर को लगता है कि आईपीएल 2024 की नीलामी में मिचेल स्टार्क को भारी रकम में खरीदते समय कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) सबसे आगे निकल गई। कोलकाता बेस्ड फ्रेंचाइजी ने ऑस्ट्रेलिया के सीमर को अपने साथ जोड़ने के लिए 24.75 करोड़ खर्च किए। उन्होंने पिछले साल दिसंबर में नीलामी में 10 खिलाड़ियों को खरीदने के लिए कुल 31.35 करोड़ रुपये खर्च किए थे।कोलकाता नाइट राइडर्स द्वारा स्टार्क को खरीदने को लेकर स्टार स्पोर्ट्स पर बात करते हुए सुनील गावस्कर ने कहा, सबसे बढ़कर, बिल्कुल स्पष्ट कहें तो। मुझे नहीं लगता कि कोई भी उस तरह के पैसे के लायक है। यदि स्टार्क प्रभाव छोड़ सकता है और अपने द्वारा खेले गए 14 मैचों में से चार में जीत हासिल करा सकता है, तो आप कह सकते हैं कि पैसा सार्थक है। फिर अगर वह अन्य खेलों में योगदान देता है, बिल्कुल शानदार।

## सनराइजर्स ईस्टर्न केप ने लगातार दूसरी बार जीता SA20 का खिताब, फाइनल में डरबन सुपर जायंट्स को बुरी तरह रौंदा

नई दिल्ली.एजेंसी

एडन मारक्रम की अगुवाई वाली सनराइजर्स ईस्टर्न केप ने साउथ अफ्रीकी लीग SA20 के फाइनल में डरबन सुपर जायंट्स को 89 रनों से हराकर लगातार दूसरी बार इस खिताब पर अपना कब्जा जमाया है। S20 का यह दूसरा सीजन है और सनराइजर्स हैदराबाद की टीम दूसरी बार भी ट्रॉफी उठाने में सफल रही है। फाइनल में टीम के नायक कप्तान मारक्रम के साथ ट्रिस्टन स्टब्स, टॉम एबेल, जॉर्डन हरमन और




मार्को येनसन रहे। सनराइजर्स की टीम ने इस मैच में पहले बैटिंग करते हुए 3 विकेट के नुकसान पर 204 रन बोर्ड पर लगाए थे, फाइनल मुकाबले के हिसाब से यह बहुत बड़ा स्कोर था। इस स्कोर का पीछा करते हुए डरबन की पूरी टीम 17 ओवर में महज 115 रनों पर ही सिमट गई। पूरे सीजन डरबन के हीरो रहे हेनरिक क्लासेन फाइनल में टीम की नैया पार नहीं लगा पाए, वह गोल्डन डक पर आउट हुए।टॉस जीतकर पहले बैटिंग करने उतरी सनराइजर्स ईस्टर्न केप की शुरुआत अच्छी नहीं रही। 15 के स्कोर पर डेविड मलान के रूप में उनको पहला झटका लगा। हालांकि इसके बाद हरमन (26 गेंदों पर 42 रन) और एबेल (34 गेंदों पर 55 रन) ने दूसरे विकेट के लिए 90 रनों की साझेदारी कर टीम को बड़े स्कोर की राह दिखाई।

## 1988 से अब तक अंडर-19 वर्ल्ड कप में किस टीम ने जीते कितने खिताब? भारत टॉप पर बरकरार

नई दिल्ली.एजेंसी

भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच आज अंडर-19 वर्ल्ड कप 2024 का फाइनल मुकाबला खेला जाना है। गत चैंपियन टीम इंडिया आज अगर कंगारुओं को धूल चटाने में कामयाब रहती है तो वह रिकॉर्ड 6ठें खिताब पर अपना कब्जा जमाएगा, वहीं 2010 में अपना आखिरी अंडर-19 वर्ल्ड कप जीतने वाली ऑस्ट्रेलियाई टीम की नजरें चौथे खिताब पर होगी। अंडर-19 वर्ल्ड कप का कारवां 1988 से शुरू हुआ था, तब से लेकर 14 बार इस टूर्नामेंट को खेला जा चुका है। भारत 5 ट्रॉफी के साथ अंडर-19 वर्ल्ड कप की सबसे सफल टीम रही है, वहीं ऑस्ट्रेलिया 3 खिताबों के साथ दूसरे पायदान पर है। आइए एक नजर डालते हैं अंडर-19 वर्ल्ड कप के 14 सीजन में खिताब जीतने वाली टीमों पर-

1988 में अंडर-19 वर्ल्ड कप का पहला संस्करण ऑस्ट्रेलिया में खेला गया था,



मेजबान टीम ने पाकिस्तान को फाइनल में 5 विकेट से हराकर इस चमचमाती ट्रॉफी को अपने नाम किया था।टूर्नामेंट के दूसरे सीजन का आयोजन करने में आईसीसी को 10 साल का समय लगा। दूसरे संस्करण 1998 में साउथ अफ्रीका की मेजबानी में हुआ जहां इंग्लैंड ने न्यूजीलैंड को 7 विकेट से हराकर जीत दर्ज की। इसके बाद हर दो साल में टूर्नामेंट का आयोजन होता रहा है।

साल 2000 में मोहम्मद कैफ की अगुवाई में भारत ने अंडर-19 वर्ल्ड कप का पहला खिताब जीता था, उस दौरान प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट युवराज सिंह रहे थे। भारत ने फाइनल मुकाबले में मेजबान श्रीलंका को 6 विकेट से धूल चटाई थी।भारत ने इसके बाद 2008 में विराट कोहली की कप्तानी में तो 2012 में उन्मुक्त चंद की अगुवाई में अपने अगले दो खिताब जीते। टीम इंडिया चौथी बार चैंपियन 2018 में पृथ्वी शॉ की कप्तानी में बना था, वहीं 2022 में टीम इंडिया ने यश ढुल की अगुवाई में अपना 5वां खिताब जीता था।भारत 5 बार अंडर-19 वर्ल्ड कप का चैंपियन जरूर बना है, मगर आज तक वह अपने टाइटल को डिफेंड नहीं कर पाया है। अंडर-19 वर्ल्ड कप के इतिहास में पाकिस्तान एकमात्र ऐसी टीम है जो टाइटल डिफेंड करने में कामयाब रही है।

## टीम इंडिया में जगह ना मिलने पर उमेश यादव का क्रिप्टिक पोस्ट हुआ वायरल, लिखा- किताबों पर धूल जमने से...



नई दिल्ली.एजेंसी

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड यानी बीसीसीआई ने शनिवार 10 फरवरी को इंग्लैंड के खिलाफ 5 मैच की टेस्ट सीरीज के बचे तीन मुकाबलों के लिए स्क्वॉड का ऐलान कर दिया है। घरेलू क्रिकेट में लगातार परफॉर्म करने के बावजूद टीम में अपना नाम ना देखने के बाद तेज गेंदबाज उमेश यादव निराश नजर आए। उमेश ने अपनी यह निराशा इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक क्रिप्टिक पोस्ट के जरिए जाहिर की। उमेश यादव ने भारत के लिए अपना आखिरी टेस्ट 7 जून 2023 को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेला था। इसके बाद वह लगातार टीम इंडिया से बाहर चल रहे हैं।

इंग्लैंड के खिलाफ बचे तीन मुकाबलों के स्क्वॉड के ऐलान के बाद उमेश यादव ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर लिखा, किताबों पर धूल जमने से कहानियां खत्म नहीं होती है।उमेश यादव का यह पोस्ट बताता है कि वह रणजी ट्रॉफी में शानदार प्रदर्शन कर टीम इंडिया में वापसी की उम्मीद लगाए बैठे थे। उमेश का परफॉर्मेंस भारतीय सरजमीं पर काफी असरदार रहा है। उन्होंने रणजी ट्रॉफी के इस सीजन में खेले 4 मुकाबलों में अभी तक 19 विकेट चटकाए हैं।

उमेश यादव ने भारत के लिए खेले 57 टेस्ट मैचों में 30.95 की औसत के साथ 170 विकेट चटकाए हैं, वहीं इनमें से 101 विकेट उन्होंने भारतीय सरजमीं पर 25.88 की औसत से चटकाए हैं। घरेलू मैदानों पर उमेश यादव का परफॉर्मेंस काफी शानदार रहा है।

**इंग्लैंड के खिलाफ बचे ही तीन मैचों के लिए भारतीय स्क्वॉड-**

रोहित शर्मा (कप्तान), जसप्रीत बुमराह (उप-कप्तान), यशस्वी जयसवाल, शुभमन गिल, केएल राहुल, रजत पाटीदार, सरफराज खान, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), केएस भरत (विकेटकीपर), आर अश्विन, रविंद्र जडेजा, अक्षर पटेल, वाशिंगटन सुंदर, कुलदीप यादव, मोहम्मद सिराज, मुकेश कुमार, आकाश दीप।

## पृथ्वी शॉ का पहला टारगेट भारतीय टीम में वापसी करना नहीं, बल्कि ये है; आप भी जानिए

**पृथ्वी शॉ का पहला टारगेट मुंबई के लिए रणजी ट्रॉफी जीतना है, ना कि भारतीय टीम में वापसी करना। वही चाहते हैं कि वह घरेलू क्रिकेट में अच्छा प्रदर्शन करने के बाद टीम में वापस आएं और अपनी जगह बनाएं।**



नई दिल्ली.एजेंसी

चोट के कारण लंबे समय तक क्रिकेट की दुनिया से दूर रहने वाले भारतीय क्रिकेटर पृथ्वी शॉ ने इस महीने की शुरुआत में घरेलू क्रिकेट में वापसी की है। बंगाल के खिलाफ मुंबई के लिए वे रणजी ट्रॉफी 2024 का मैच खेलने उतरे। अगले मैच में उन्होंने शतक जड़ा। 2023 में काउंटी क्रिकेट के दौरान घुटने में लगी चोट वजह से पृथ्वी शॉ को लंबे समय तक क्रिकेट से दूर रहना पड़ा था। अपने कमबैक मैच में पृथ्वी शॉ ने मुंबई के लिए बड़ा स्कोर नहीं बनाया, लेकिन दूसरे मैच में छत्तीसगढ़ के खिलाफ वे 185 गेंदों में 159 रन बनाने में सफल हुए। दिन के पहले सत्र में ही पृथ्वी शॉ ने अपना शतक पूरा कर लिया था। हालांकि, भारतीय टीम से वे अभी दूर हैं।

इसको लेकर उन्होंने कहा है कि उनकी उम्मीदें अभी भारतीय टीम में कमबैक की नहीं है। पृथ्वी शॉ ने कहा है कि उनको फोकस अभी रणजी ट्रॉफी में मुंबई को जीत दिलाने पर है। द इंडियन एक्सप्रेस को दिए इंटरव्यू में पृथ्वी शॉ ने कहा, मैं बहुत दूर की नहीं सोच रहा हूं और वर्तमान में रहना चाहता हूं। कोई उम्मीद नहीं है, मुझे खुशी है कि मैं वापस क्रिकेट खेल रहा हूं। मैं अभी चोट के बाद वापस आया हूं और अपना सर्वश्रेष्ठ देना चाहता हूं। मेरा लक्ष्य मुंबई के लिए रणजी ट्रॉफी जीतना है और मैं आगे भी जितना संभव हो उतना योगदान देकर इसे हासिल करने की कोशिश कर रहा हूं। चोट के कारण पांच महीने के लंबे अंतराल के बाद बल्लेबाजी करने आए तो उनको बेचैनी महसूस हो रही थी, लेकिन क्रीज पर काफी समय बिताने के बाद धीरे-धीरे उनका आत्मविश्वास वापस आ गया।

उन्होंने आगे कहा, मैं अच्छा प्रदर्शन करना चाहता था, लेकिन कहीं न कहीं मुझे आश्चर्य हो रहा था कि मैं अपनी शैली में बल्लेबाजी कर पाऊंगा या नहीं। कैसे खेलूंगा, मैं कब वापसी करूंगा और क्या यह अच्छी लय में होगी या नहीं। ये वो विचार थे जो चारों ओर घूम रहे थे, लेकिन मेरे कुछ घंटे क्रीज पर रुकने के बाद चीजें सामान्य हो गईं।मैं फिर घबराया हुआ नहीं था, लेकिन जब मैंने अपनी बल्लेबाजी फिर से शुरू की तो अहसास थोड़ा अजीब था।

## एबी डी विलियर्स ने फिर मांगी विराट कोहली और अनुष्का शर्मा से माफी, बोले- मैं विनती करता हूं...

**डिविलियर्स ने कहा कि कोई नहीं जानता कि वास्तव में क्या चल रहा है। मैं हम सभी से इसका सम्मान करने के लिए कह रहा हूं। मेरे पिछले शो में एक गलती हुई थी और मैं इसके लिए कोहली परिवार से माफी मांगता हूं।**



नई दिल्ली.एजेंसी

साउथ अफ्रीका के पूर्व क्रिकेटर एबी डी विलियर्स ने एक बार फिर विराट कोहली और अनुष्का शर्मा से अपने बयान के लिए माफी मांगी है। हाल ही में डी विलियर्स ने अपने यूट्यूब चैनल पर कहा था कि विराट कोहली और अनुष्का शर्मा अपने दूसरे बच्चे को जन्म देने वाले हैं। हालांकि कुछ दिनों बाद ही उन्होंने अपने इस बयान को वापस ले लिया था। अब यूट्यूब पर इस खिलाड़ी ने फिर विराट कोहली और अनुष्का शर्मा से माफी मांगी है। बता दें, निजी कारणों के चलते किंग कोहली इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज नहीं खेल रहे हैं। ऐसा उनके 13 साल के करियर में पहली बार हुआ है जब कोहली ने कोई घरेलू टेस्ट सीरीज मिस की हो।इस बीच, डी विलियर्स ने स्वीकार किया कि उन्हें कोहली और अनुष्का के बारे में अपुष्ट जानकारी साझा नहीं करनी चाहिए थी और उन्हें उम्मीद है कि अनुभवी बल्लेबाज जल्द ही एक्शन में वापस आएंगे।एबी डी विलियर्स ने अपने यूट्यूब चैनल पर कहा, -मेरे दोस्त विराट कोहली अभी भी उपलब्ध नहीं हैं। मैं हर किसी से विनती करता हूं कि उन्हें वह गोपनीयता दी जाए जिसके वह हकदार हैं। परिवार पहले आता है। कोई नहीं जानता कि वास्तव में क्या चल रहा है। मैं हम सभी से इसका सम्मान करने के लिए कह रहा हूं। मेरे पिछले शो में एक गलती हुई थी और मैं इसके लिए कोहली परिवार से माफी मांगता हूं। यह अच्छा नहीं है।उन्होंने आगे कहा, मैंने वह जानकारी साझा की जिसकी बिल्कुल भी पुष्टि नहीं की गई थी। मैं वहां मौजूद सभी लोगों से उनका और उनके परिवार और उनके निजी समय का सम्मान करने की विनती कर रहा हूं। उम्मीद है, हम विराट को वापस खुश और रन बनाते हुए देखेंगे। जैसा कि वह हमेशा करते हैं।विराट कोहली का चयन पहले सीरीज के दो मुकाबलों के लिए हुआ था। पहला मैच हैदराबाद में खेला जाना था और विराट प्रैक्टिस के लिए हैदराबाद भी पहुंचे थे, मगर सीरीज से दो दिन पहले उन्होंने निजी कारणों के चलते अपना नाम वापस लिया। शनिवार 10 फरवरी को बीसीसीआई ने सीरीज के बचे तीन मुकाबलों के लिए भारतीय स्क्वॉड का ऐलान किया, इस दौरान उन्होंने बताया कि निजी कारणों के चलते विराट सीरीज के बीचे तीन मैच के लिए भी उपलब्ध नहीं है और बोर्ड उनके इस फैसले का सम्मान करता है।

